हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 4 मार्च 2026

04 समस्त थाना व चौकी क्षेत्रों में व्यापक पैदल मार्च आयोजित



07 सूखे रंगों से मनाया जाएगा होली का पर्व





## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर कन्याल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को किया सम्मानित



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के नवाचार के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में एसडीएम कार्यालय गुना के सहायक ग्रेड 03 सुमित राठौर, पटवारी मेनका सोनी तथा लोक सेवा प्रबंधन विभाग से कार्यालय सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर गिरराज भारद्वाज को शासकीय कार्यो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया। उल्लेखनीय हैं कि प्रति माह उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने का नवाचार कलेक्टर द्वारा आरंभ किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जिले को प्रदेश व देश स्तर पर अग्रणी बनाने का प्रयास करें।

### कुंभराज में सनसनीखेज वारदात, एक्सीडेंट या सुनियोजित हत्या?



**गुना ।** जिले के कुंभराज थाना अंतर्गत ग्राम रामा खेजरा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां 70 वर्षीय बुजुर्ग रामप्रसाद लोधा की पिकअप वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हालांकि, मृतक के परिजनों ने इसे महज एक हादसा मानने से इनकार कर दिया है। परिजनों का गंभीर आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही कुछ दबंगों ने सुनियोजित तरीके से बुजुर्ग पर वाहन चढ़ाकर उनकी हत्या की है।मृतक के बेटे लाल सिंह लोधा ने बताया कि गांव के कुछ लोगों से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है, जिसकी शिकायत उन्होंने 12, 16 और 28 फरवरी को भी थाने में दर्ज कराई थी। लाल सिंह का आरोप है कि 1 मार्च को आरोपी रामधन, राजकुमार, रामविलास, सतीश, राहुल और हरिबहादुर सहित अन्य लोगों ने घर आकर धमकी दी थी कि तू बार-बार पुलिस में शिकायत करता है, अब तेरे घर में किसी पर गाड़ी चढ़वाकर मार डालेंगे। इस धमकी के अगले ही दिन सोमवार शाम करीब 5 बजे, जब रामप्रसाद लोधा चक्की पर आटा लेने गए थे, तभी उन पर तेज रफ्तार पिकअप चढ़ा दी गई।मृतक के भाई लाल सिंह लोधा ने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि घटना के बाद जब वे थाने पहुंचे, तो पुलिस ने संवेदनहीनता दिखाते हुए कहा कि तुम ढोंग कर रहे हो। परिजनों का दावा है कि पहले तो रिपोर्ट लिखने में आनाकानी की गई, बाद में बड़े अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद ही मामला दर्ज हुआ। घायल रामप्रसाद को पहले कुंभराज अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत देखते हुए उन्हें गुना रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। बुजुर्ग की मौत के बाद गांव में तनाव व्याप्त है। परिजनों का कहना है कि उन्होंने पहले ही जान के खतरे की आशंका जताई थी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों को पकडक़र छोड़ दिया, जिससे उनके हौसले बुलंद हो गए। फिलहाल, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी है।

### होलिका दहन, होली और रंग पंचमीः रंगों के माध्यम से योग और आध्यात्मिक जागरणः- योगाचार्य महेश पाल

**गुना।** गायत्री मंदिर गुना में होली के अवसर पर योग सत्र के अभ्यास के दोरान योगाचार्य महेश पाल ने योग व रंगो के आध्यात्मिक महत्व को समझाते हुए बताया कि होली का त्यौहार हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण है, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक एवं योगिक दृष्टिकोण से उन्होंने कहा कि भारत उत्सवों की भूमि है। यहाँ हर पर्व केवल आनंद का अवसर नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक उन्नयन का संदेश भी देता है।होलिका दहन, होली उत्सव और रंग पंचमी ऐसे ही पर्व हैं, जो हमें बाहरी रंगों के साथ-साथ भीतरी चेतना को भी रंगने की प्रेरणा देते हैं। यदि इन पर्वों को योग और आध्यात्म से जोड़ा जाए, तो ये हमारे जीवन में गहरा सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

## होली पर गुलाब की होली व हर्बल गुलाल के उपयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।सभी कार्यालयों में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि होली पर्व के बाद भी यदि कोई कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाए। इस संबंध में अपर कलेक्टर को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने गुलाब की होली एवं हर्बल गुलाल के उपयोग की अपील की। उन्होंने नागरिकों से सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया। बैठक के अंत में कलेक्टर द्वारा



लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री कन्याल ने जिले में संचालित HPV टीकाकरण अभियान की विस्तृत समीक्षा की। अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को निःशुल्क HPV टीका लगाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने जानकारी दी कि जिले में 07 टीकाकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिला अस्पताल गुना, सिविल अस्पताल आरोन तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बमौरी, म्याना, बीनागंज, राधौगढ़ एवं कुंभराज में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक (शासकीय अवकाश को छोड़कर) टीकाकरण किया जा रहा है।जिले में 14 वर्ष आयु की लगभग 16,000 किशोरियों को चिन्हित कर शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर शिकायतों का समाधान करने को कहा तथा 'जीरो पेंडेंसी' को प्राथमिक लक्ष्य बनाने पर बल दिया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिस प्रकार हम अपने घर को स्वच्छ रखते हैं, उसी प्रकार अपने आसपास भी स्वच्छता बनाए रखने हेतु जन-सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

## सोमवार को शहर में हुआ होलिका का पारंपरिक दहन लोगों ने दीं एक दूसरे को शुभकामनाएं

### आज खिलेगा रंग

# चंद्र ग्रहण के चलते मंदिरों के पट रहे बंद, सड़कों पर पसरा सन्नाटा





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

होली के उत्साह के बीच पड़े चंद्र ग्रहण का असर शहर में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। ग्रहण काल के दौरान अधिकांश मंदिरों के पट बंद रहे और श्रद्धालुओं ने घरों में ही पूजा-पाठ व मंत्र जाप किया।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूतक लगने के बाद मंदिरों में नियमित पूजा-अर्चना स्थगित कर दी गई।ग्रहण के समय आम दिनों की अपेक्षा शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। बाजारों में भी चहल-पहल कम दिखाई दी।

कई लोगों ने ग्रहण समाप्ति के बाद ही घरों में साफ सफाई और शुद्धता करके स्नान आदि किया वहीं कुछ लोगों ने सुबह होने का इंतजार किया।हालांकि होली पर्व को लेकर दिन में बाजारों में रंग-गुलाल और पिचकारियों की खरीदारी को लेकर रौनक बनी रही, लेकिन ग्रहण काल के दौरान गतिविधियां लगभग थम सी गईं।ग्रहण मोक्ष के बाद मंदिरों में शुद्धिकरण की प्रक्रिया की गई और पुनः पट खोलकर नियमित पूजा-अर्चना प्रारंभ की गई। इसी के चलते प्रातः कालीन आरती के समय में भी बदलाव किया गया था। धार्मिक आस्था और परंपराओं का पालन करते हुए श्रद्धालुओं ने संयम और श्रद्धा के साथ यह विशेष संयोग मनाया।

### देर रात हुआ होलिका दहन

सोमवार को शहर समेत अंचल भर में सैकड़ो स्थान पर होलिका दहन का आयोजन किया गया ।शहर की पारंपरिक होली और आधुनिक नवाचार के साथ चर्चित होलिकाओं पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते नाचते गाते रहे और होलिका दहन का आयोजन बड़े ही उत्साह पूर्वक वातावरण में हुआ ।यहां पर पहुंचकर लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी और गुलाल भी लगाया।

### आज जमेगा रंग उड़ेगा गुलाल

सोमवार को होलिका दहन के पश्चात दूसरे दिन मंगलवार को चंद्र ग्रहण का सूतक लग जाने के कारण इक्का-दुक्का लोगों को छोड़कर ज्यादातर लोग होली मनाने से कतराते रहे इतना ही नहीं लोगों ने अपने घरों से भी बाहर निकलना मुनासिब नहीं समझा सरकारी छुट्टी होने के कारण चहल-पहल दफ्तरों में भी नजर नहीं आई ।

बुधवार को रंग गुलाल खेलने के लिए लोगों ने तैयारी कर ली है और दिनभर होली की मस्ती में लोग चूर नजर आएंगे ।

वहीं पारंपरिक अंदाज में एक दूसरे के घर पहुंच कर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी देते हुए दिखाई देंगे। शहर में हुरियारों की टोलियां गुजरेंगी और पूरा शहर होली के रंग में शराबोर नजर आएगा।

## रंगों की फुहार में सराबोर हुआ गुना, जागृति मंच की बहनों ने आपस में गुलाल लगाकर खेली होली



रंग, उमंग और उल्लास के प्रतीक होली पर्व पर गुना रंगों में सराबोर नजर आया. पूरे जिले में हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ होली का त्योहार मनाया जा रहा है. इसी के अंतर्गत रंगों के पावन पर्व होली पर जागृति मंच की महिला सदस्यों ने सोनी कॉलोनी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ होली पर्व मनाया। जिसमें ब्रज की होली मनाते हुए गिरधर गोपी मंदिर में सर्वप्रथम राधा कृष्ण जी को गुलाल लगाया उसके उपरांत एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर होली का पर्व मनाया साथ ही एक दूसरे का मुंह मीठा कराया एवं होली के लोकगीत गाकर आनंद लिया। इस अवसर पर जागृति मंच की संस्थापक सुनीता अग्रवाल, अध्यक्ष नीरज अवस्थी, उपाध्यक्ष साधना नामदेव, सहसचिव ममता पालीवाल, मीडिया प्रभारी रेनू जैन, राजश्री श्रीवास्तव, राजकुमारी पंत सहित बड़ी संख्या में बहने उपस्थित रही।

## ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के बूढ़े बालाजी क्षेत्र में एक 22 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक की पहचान लक्ष्मण अहिरवार के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि लक्ष्मण अपनी पत्नी के मायके से न आने और ससुराल पक्ष द्वारा लगातार दी जा रही प्रताडऩा के कारण मानसिक रूप से परेशान था, जिसके चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। परिजनों ने बताया कि लक्ष्मण की शादी महज 8-10 माह पहले आरोन क्षेत्र के ग्राम टंक में हुई थी। शादी के बाद वह अपनी पत्नी और सास-ससुर के साथ मजदूरी करने गुजरात गया था, लेकिन वहां उनके बीच आए दिन विवाद और मारपीट होती थी। ससुरालियों के व्यवहार से परेशान होकर लक्ष्मण एक महीने पहले ही वापस गुना आ गया था, जबकि उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी। फोन पर भी उनका विवाद लगातार जारी था। घटना वाले दिन लक्ष्मण ने अपने छोटे भाई की पत्नी से ससुराल जाने की बात कहकर कपड़े धोने को कहा था। परिजनों को लगा कि वह पत्नी के पास ससुराल जा रहा है, लेकिन देर शाम उसने घर के भीतर ही फांसी लगा ली। परिजनों ने मृतक की पत्नी और ससुराल पक्ष पर प्रताडऩा के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस चौकी के सामने ट्रॉली से निकले लाठी-डंडे और टूट पड़े लोग

आरोन थानांतर्गत खिरिया में देर रात विवाद के बाद अस्पताल में घायलों के बीच हुआ भारी हंगामा



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला अस्पताल परिसर मंगलवार को उस समय अखाड़े में तब्दील हो गया, जब अस्पताल चौकी और पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में ही दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम खिरिया में बीती रात हुए खूनी संघर्ष के बाद जिला अस्पताल इलाज कराने पहुंचे दोनों पक्ष एक बार फिर आमने-सामने हो गए। हमला इतना अचानक और ताबड़तोड़ था कि पुलिस को मोर्चा संभालकर बीच-बचाव करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।जानकारी के अनुसार, खिरिया निवासी बंजारा परिवार के सदस्य बीती रात हुए हमले के बाद जिला अस्पताल में भर्ती थे। मंगलवार को ये लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय अपनी शिकायत दर्ज कराने जा रहे थे। तभी अस्पताल परिसर में उन्हें दूसरे पक्ष (यादव समाज) के दो-तीन लोग उपचार के लिए आते दिखे। उन्हें देखते ही बंजारा परिवार के लोग आवेश में आ गए और ट्रैक्टर-ट्रॉली में पहले से छिपाकर रखे गए लाठी-डंडे निकालकर उन पर टूट पड़े। पुलिस चौकी के ठीक सामने हुई इस मारपीट से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई और मरीज व उनके परिजन जान बचाकर भागने लगे।बंजारा परिवार के अनिल नायक ने बताया कि ग्राम खिरिया में उनकी 3 बीघा पट्टे की जमीन है, जिस पर सागर सिंह यादव और उसके साथी जबरन कब्जा करना चाहते हैं। आरोप है कि सोमवार रात करीब 8 बजे सागर, नीरज, मुकुलराम, कमला और कबूल सहित अन्य लोगों ने लाठी, डंडे और फर्से से लैस होकर बंजारा बस्ती पर हमला कर दिया था। इस हमले में बंजारा परिवार के रामवीर, अनिल, पारो बाई, मेहरबान सिंह, मोहन सिंह और प्रकाश सिंह सहित एक दर्जन लोग घायल हुए। अनिल का आरोप है कि आरोन थाना पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की, जिसके चलते वे एसपी से गुहार लगाने जा रहे थे। वहीं, यादव पक्ष के लोगों का कहना है कि उक्त जमीन उनकी है और मामला कोर्ट में विचाराधीन है। मंगलवार को जब वे अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे, तो बंजारा पक्ष ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी मुस्तैदी नहीं दिखाते, तो अस्पताल परिसर में ही कोई बड़ी अनहोनी घटित हो सकती थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल जिला अस्पताल में सात घायल भर्ती हैं, जबकि चार अन्य का उपचार आरोन अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर अस्पताल परिसर में हथियारों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली कैसे पहुंची।

### मासूम सपनों का अंत

## 9वीं की छात्रा को नहाते समय लगा करंट

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा साफा में एक 15 वर्षीय किशोरी की करंट लगने से असामयिक मौत हो गई। मृतक प्रीति अहिरवार पुत्री आशाराम अहिरवार कक्षा 9वीं की छात्रा थी और आगामी 5 मार्च से उसकी वार्षिक परीक्षाओं का पेपर था। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। परिजनों के अनुसार, प्रीति सोमवार को दिनभर खेत पर फसल काटने (मजदूरी) गई थी। शाम करीब 7 बजे काम से लौटने के बाद वह नहाने के लिए बाथरूम में गई। उसी दौरान लाइट चली गई, तो वह अंधेरे के कारण होल्डर में बल्ब लगाने लगी। बाथरूम में पानी होने और बिजली के तारों में शॉर्ट-सर्किट की वजह से उसे जोरदार करंट लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़ी। परिजन उसे तत्काल म्याना अस्पताल ले गए, जहां से उसे गंभीर हालत में गुना जिला अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक प्रीति अपने तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। वह पढ़ाई में होनहार थी और परिवार की मदद के लिए मजदूरी भी करती थी। मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। इस दौरान अस्पताल में शव वाहन की उपलब्धता न होने के कारण परिजन काफी समय तक परेशान होते रहे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### विधायक ने किया सड़क निर्माण का निरीक्षण,बड़ी खामियां मिली

**गुना।** गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने गुना में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य में मिली ख़ामियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को सुधार करने के सख्त निर्देश दिए हैं है ।बता दें गुना बायपास दो खंभे से बिलोनिया चक तक बनाई जा रही सड़क में हो रहे घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार की गुना विधायक श्री पन्नालाल शाक्य से स्थानीय लोगों द्वारा निरंतर शिकायत की जा रही थी,इन्ही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ निर्माण स्थल पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया ।निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी करने सहित कई अनियमितताएँ सामने आने पर नाराजगी जताई और तत्काल कार्य में सुधार करने एवं गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### सीसीटीवी फुटेज भी नहीं जगा सके पुलिस को, जैन समाज की निर्माणाधीन धर्मशाला से लाखों का माल पार

# एक ही धर्मशाला को तीन बार बनाया निशाना, जैन समाज ने एसपी से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में इन दिनों कानून व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। एक ओर चोरों ने शहरभर में कोहराम मचा रखा है, तो दूसरी ओर पुलिस की नाकामी और सुस्त कार्यप्रणाली ने अपराधियों के लिए रेड कारपेट बिछा दिया है।

ताजा मामला चौधरी मोहल्ला स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर की निर्माणाधीन धर्मशाला यात्री निवास का है, जिसे चोरों ने अपना पसंदीदा ठिकाना बना लिया है। आश्चर्य की बात यह है कि समाज द्वारा सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों के फोटो सौंपने के बावजूद कोतवाली पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

श्री दिगंबर जैन पंचायत ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अनुसार, पिछले दो महीनों के भीतर इस निर्माणाधीन धर्मशाला में चोरी की तीन बड़ी वारदातें हो चुकी हैं।

पहली वारदात 24 जनवरी को हुई थी, जिसमें बेसमेंट से लेकर चारों मंजिलों तक की बिजली वायरिंग और केबल कीमत लगभग 30 हजार रुपये चोरी हुई। इसके बाद चोरों के हौसले इतने बढ़ गए कि उन्होंने दोबारा धावा बोला और हाल ही में यात्री निवास से एसी के



कॉपर पाइप, बिजली बोर्ड और अन्य कीमती उपकरण पार कर दिए। इस बार चोरी गए सामान की कीमत 2 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।जैन समाज के अध्यक्ष संजय जैन कामिनी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल खड़े किए हैं।

पदाधिकारियों का कहना है कि उन्होंने कोतवाली टीआई से लेकर एसपी तक को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराए हैं, जिनमें संदिग्ध चोर साफ नजर आ रहे हैं। बावजूद इसके, पुलिस ने अब तक न तो किसी की गिरफ्तारी की और न ही संदिग्धों से पूछताछ करने की जहमत उठाई।

समाज का आरोप है कि पुलिस की इसी लापरवाह कार्यशैली के कारण चोरों ने एक ही स्थान पर तीन बार चोरी करने का दुस्साहस किया है।

### एसपी को सौंपा ज्ञापन दी आंदोलन की चेतावनी

पुलिस की निष्क्रियता से क्षुब्ध होकर जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने गत दिवस पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने दोटूक शब्दों में कहा कि यदि मंदिर और धर्मशाला जैसी पवित्र संपत्तियों पर हो रही चोरियों का खुलासा शीघ्र नहीं हुआ, तो समाज उग्र आंदोलन के लिए विवश होगा। आवेदन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि चोर खिडक़ी और पल्ले के रास्ते अंदर दाखिल हुए और पूरी तसल्ली से लाखों का सामान समेट ले गए।

## होली समाचार

पुष्टिमार्गीय केंद्रों पर फाग महोत्सव में उमड़ रहा जनसैलाब

# 40 दिवसीय फाग महोत्सव का हुआ भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

40 दिवसीय फाग महोत्सव के तहत मध्यभारत मालवा, बुंदेलखंड अंचल के पुष्टि भक्ति केंद्रों पर बसंत पंचमी से चल रहे 40 दिवसीय होली-फाग महोत्सव का समापन दोलोत्सव धुलेंडी के साथ संपन्न होगा।अंतर्राष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के प्रांतीय प्रचार प्रमुख कैलाश मंथन ने बताया कि पुष्टिभक्ति मार्ग में डेढ़ माह तक फाग महोत्सव के तहत श्री ठाकुरजी के साथ रंग गुलाल से होली खेली जाती है। बसंत फाग पर्व उल्लास, उमंग एवं जीवन में रंग भरने का महोत्सव है। फाग महोत्सव के तहत सत्संग मंडलों एवं श्रीनाथ जी के मंदिरों में श्रद्धा भक्ति के साथ नित्य नए रंगों से श्रीनाथ जी को दुलार किया जा रहा है। जिले के ग्रामीण अंचलों में धुलेंडी तक भक्तगण कृष्ण भक्ति के रंग में डूब रहे हैं। पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष, हिउस प्रमुख कैलाश मंथन ने बताया कि द्वापर युग से चली आ रही परंपरा के अनुसार श्रीमद् वल्लभाचार्य के समय से पुष्टिमार्गीय आचार्यों ने होली महोत्सव पर 40 दिवसीय बसंत पंचमी से धुलेंडी तक विशेष मनोरथ फाग आंनदोत्सव की परंपरा प्रारंभ की। ब्रज प्रदेश की इस परंपरा में भगवान श्रीकृष्ण के भक्त होली के रसियों एवं भक्त कवियों के पदों का गायन कर अबीर, गुलाल, पुष्पों से श्री ठाकुर जी के साथ होली उत्सव का आनंद लेते हैं। श्री मंथन ने बताया अंचल के एक सैकड़ा से अधिक ग्रामों में फाग महोत्सव पर श्री वल्लभ कुल गोस्वामी आचार्यों के सानिध्य में श्री ठाकुर जी से लाड़ लड़ाया जाता है। गुना, बमोरी, लालोनी, परवाह, ऊमरी, छबड़ा, भौंरा क्षेत्र के ग्रामों में पुष्टिमार्गीय आचार्यों के सानिध्य में हजारों वैष्णवों ने फाग महोत्सव के तहत हुए रंगारंग आयोजनों में हिस्सेदारी की। वैष्णव परिषद के जिला अध्यक्ष कैलाश मंथन ने बताया गुना बमोरी अंचल के एक सैकड़ा से अधिक ग्रामों के सत्संग मंडलों में फाग महोत्सव के दौरान पुष्टिमार्गीय गोस्वामी द्वारकेश लाल जी बड़ोदरा, महाराज विजय कुमारी ,श गोवर्धनेश दर्शन बाबा अहमदाबाद कड़ी गुजरात, गोस्वामी विनय कुमार एवं शरद बाबा कोटा राजस्थान, पुरुषोत्तम लाल जी एवं मधुरम बाबा अहमदाबाद, गोस्वामी मिलन कुमार जी मुम्बई महाराष्ट्र की उपस्थिति में फाग महोत्सव के दौरान हजारों वैष्णवों ने ठाकुर जी के साथ भक्ति के रंग में रंग कर होली का आनंद प्राप्त करते हैं। अंचल में गुना के श्री गोवर्धननाथ मंदिर भौंरा ,बमोरी, छबड़ा,लालोनी ,रतनपुरा, ऊमरी क्षेत्र परवाह ,वने ,झागर सहित एक सैकड़ा से अधिक ग्रामीण सत्संग मंडलों में फाग महोत्सव के दौरान होली के रसिया से भक्ति के रंग गुलाल अबीर की बौछार होती रही।





# समस्त थाना व चौकी क्षेत्रों में व्यापक पैदल मार्च आयोजित

## होली पर्व के मद्देनज़र शहर में शांति व सुरक्षा सुनिश्चित करने का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



होली के अवसर पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ बनाए रखने तथा आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन एवं नेतृत्व में शहर एवं जिले के समस्त थाना/चौकियों क्षेत्रों में अधीनस्थ पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के साथ शहर एवं कस्बों के मुख्य मार्गों पर भव्य पैदल मार्च (फ्लेग मार्च) निकाला गया। यह पैदल मार्च गुना कोतवाली से प्रारंभ होकर सुगन चौराहा, बोहरा मस्जिद, ख्यावदा चौराहा, पठार मोहल्ला, बडे जैन मंदिर, रपटा, कर्नलगंज, प्रताप छात्रावास होते हुए अंबेडकर चौराहा पहुंचकर संपन्न हुआ। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास सुदृढ करना, असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश देना एवं त्यौहार के दौरान शांति एवं सद्भाव का वातावरण बनाए रखना है । पर्व अवधि में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है । समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने, सोशल मीडिया पर अफवाहों की निगरानी करने, संवेदनशील क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न होने देने के निर्देश दिए गए हैं । पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने आमजन से अपील की है कि वे शांति एवं सौहार्द बनाए रखें, किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें । इसके साथ ही श्री सोनी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक शांति, सुरक्षा और विश्वास के साथ त्यौहार का आनंद ले सके, यह सुनिश्चित करना पुलिस का प्राथमिक दायित्व है । इस उद्देश्य से गुना पुलिस पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी पर तैनात है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा, डीएसपी यातायात मुकेश दीक्षित, यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह, अजाक थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश आर्य, कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, निरीक्षक नीरज राणा, इंचार्ज कोतवाली थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रुहिल शर्मा, बजरंगगढ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार आदि सहित अन्य कई पुलिस अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

# गुना कोतवाली पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक के सशक्त, संवेदनशील एवं मानवीय नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में अपहत एवं गुमशुदा नाबालिग बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु अत्यंत गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निरंतर प्रभावी कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में गुना कोतवाली पुलिस द्वारा शहर से लापता हुई नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों से मिला दिया है । उल्लेखनीय है कि दिनांक 26 फरवरी 2026 को गुना कोतवाली क्षेत्र से 16 वर्षीय एक नाबालिग बालिका के घर पर किसी को बिना कुछ बताए कहीं चाले जाने पर उसके भाई द्वारा गुना कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । जिस पर से पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर बालिका की तलाश प्रारंभ की गई । पुलिस अधीक्षक द्वरा जिले में नाबालिगों से संबंधित मामलों में शीघ्र एवं संवेदनशील कार्यवाही हेतु लगातार दिए जा रहे निर्देशों के तहत पुलिस द्वारा अपहृत नाबालिग बालिका की सरगर्मी से तलाश की गई और इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया साथ ही विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद ली गई जिससे संकलित सूचनाओं के आधार पर सभी संभावित जगहों पर बालिका को खोजने के सघन प्रयास किए गए । अपहृता की तलाश के क्रम में आज दिनांक 03 मार्च 2026 बालिका के संबंध में पुलिस को जानकारी मिलने पर गुना कोतवाली थाना पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया एवं विधिवत कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से बाल कल्याण समिति अध्यक्षा श्रीमति डॉ. नीरू शर्मा एवं समिति सदस्यों के द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूरी कर बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। गुना कोतवाली पुलिस की इस सफल कार्यवाही में इंचार्ज थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रुहिल शर्मा, उपनिरीक्षक माधवी तोमर, प्रधान आरक्षक दीपक तोमर, प्रधान आरक्षक उमेश शर्मा, प्रधान आरक्षक रमेश गुर्जर, आरक्षक मनोज रघुवंशी, आरक्षक विनय धाकड, आरक्षक शिवकुमार रघुवंशी, आरक्षक अनिल रघुवंशी एवं आरक्षक महेश दिवाकर की सराहनीय भूमिका रही है।

# भाजपा नेता हीरेंद्र सिंह ने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

राघौगढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे. एवं क्षेत्र के लाडले जन सेवक हीरेंद्र सिंह बंटी बना दादा भाई ने आरोन क्षेत्र का एक दिवसीय दौरा किया अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार. स्थानीय सर्किट परिसर हाउस में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा. मंडल आरोन के कार्यकर्ताओं की. महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक में अहिरवार समाज संघ अध्यक्ष गोलू अहिरवार के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने. अपने लाडले जन सेवक. एवं भाजपा नेता हीरेंद्र सिंह बंटी बना दादा भाई का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया । तदुपरांत इस बैठक में भाजपा अनुसूचित मोर्चा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बिंदुओं पर एवं समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया । कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव और अपने नेता से सीधा संवाद किया । इस दौरान इस महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़ भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक के अंत में अनुसूचित मोर्चा कार्यकर्ताओं एवं अपने नेताओं के प्रति अहिरवार समाज संघ अध्यक्ष गोलू अहिरवार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया । इस बैठक में अहिरवारसमाज संघ और भाजपा अनुसूचित मोर्चा के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# डीएनटी समुदाय की 30 महिलाओं को मिला ब्यूटी थेरेपिस्ट प्रशिक्षण प्रमाण पत्र व टूल किट वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

ग्राम लीलेवेह खुर्द में डीएनटी समुदाय की स्वयं सहायता समूह की 30 महिला सदस्यों के लिए आयोजित ब्यूटी थेरेपिस्ट (ब्यूटी पार्लर) कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमाण पत्र एवं टूल किट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना एवं आर्थिक रूप से सशक्त करना रहा।
प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाली सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा ब्यूटी पार्लर संचालन हेतु आवश्यक उपकरणों से युक्त टूल किट वितरित की गई।



इससे महिलाएं अपने गांव या आसपास के क्षेत्र में स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर सकेंगी।समारोह में उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि कौशल विकास प्रशिक्षण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाते हैं, बल्कि परिवार की आय में वृद्धि करने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार एवं संस्थाओं द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं समाज में अपनी सशक्त पहचान बना सकती हैं।कार्यक्रम के दौरान परियोजना के उद्देश्य, प्रशिक्षण की रूपरेखा एवं भविष्य की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।
साथ ही सभी प्रशिक्षित महिलाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।इस अवसर पर CARD संस्था से कपिल दुबे (स्किल सेल, भोपाल), ग्राम पंचायत के सरपंच हरि नारायण गुर्जर, संबंधित अधिकारीगण, प्रशिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# होली रंगोत्सव व महिला दिवस का बड़े धूम धाम से हुआ आयोजन



**अशोकनगर।** श्री सुधासागर महिला समिती ने होली का त्योहार एवं महिला दिवस को बड़े ही धूम धाम से मनाया गया, जिसमे समिति के सभी सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम बर्षा जैन ने संचालन किया, कपाली जैन ने कार्यक्रम का मंगलाचरण किया, तत्पश्चात समिती अध्यक्ष रानी पीरोंठ एवं मंत्री डिम्पल ईसागढ द्वारा रंगोत्सव का बड़ा ही सुन्दर नृत्य कर कार्यक्रम को आगे बढाया। उसके बाद सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुती और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाए दी। इसके पश्चात समिति अध्यक्ष रानी परौंठ द्वारा महिला दिवस के उपर प्रकाश डाला। कार्यकम में अध्यक्ष रानी पीरौंठ मंत्री डिम्पल जैन कोषाहाक अर्चना पांड्या, पूर्व अध्यक्ष निर्मला जैन उपाध्यक्ष संगीता पारस उपमंती डिम्पल मुंशी, सांस्कृतिक मंत्री बर्षा जैन सभी संयोजक गण एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला मुख्यालय पर बनाए गए मूल्यांकन केंद्र पर बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य है जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य जारी है। अशोकनगर मूल्यांकन केन्द्र पर हाई स्कूल की 15306 और हायर सेकेण्ड्री स्कूल की 24300 उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए पहंची हैं। हाई स्कूल में 10 परीक्षकों और हायर सेकेण्ड्री स्कूल में 32 परीक्षकों द्वारा उत्तर पुस्ताकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है।

जिला मूल्यांकन अधिकारी बीके बामौरिया ने बताया कि हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा की जो उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए आई हैं उनमें अंग्रेजी विषय की 14400, आईटी विषय की 360, हेल्थकेयर की 362, सिक्योरिटी की 82, रिटेल की 102 उत्तर पुस्तिकाएं आई हैं जिनका 10 परीक्षकों द्वारा मूल्यांकन किया जा रहा है। अभी तक अंग्रेजी संकाय की 135 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ है। अभी तक कुल 102 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। 15114 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाना शेष है।

इसी प्रकार हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा में कुल 24300 उत्तर पुस्तिकाएं आई हैं जिसमें अंग्रेजी विषय की 10800, इतिहास विषय की 1800, अर्थशास्त्र की 1800, भौतिक शास्त्र की 3600, रसायन शास्त्र की 3600, व्यवसाह अध्ययन की 1620, संस्कृत विषय की 1080 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन हेतु आई हैं जिनका 32 परीक्षकों द्वारा मूल्यांकन का कार्य किया जा रहा है। अब तक 3935 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है, अब तक 20305 उत्तर पुस्तिकाएं शेष हैं। हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का प्रशित 10.44 है।

उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए अभी कम संख्या में परीक्षक आ रहे हैं, एक तो होली का त्यौहार होने के कारण और दूसरे माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं भी साथ में चल रही हैं। जिसके कारण शिक्षकों की डयूटी परीक्षा केन्द्रों पर भी लग रही है और मूल्यांकन केन्द्रों पर भी लगाई गई है। एक शिक्षक की दो स्थानों पर डयूटी होने के कारण मूल्यांकन का कार्य प्रभावित हो रहा है। इस बार परीक्षाएं भी साथ चल रही है और मूल्यांकन का कार्य भी साथ में हो रहा है।



## होली के त्योहार के चलते खाद्य दुकानों पर लगातार की जा रही कार्रवाई

**अशोकनगर।** कलेक्टर अशोकनगर एवं मध्यप्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के पालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन अशोकनगर द्वारा होली के त्योहार के चलते लगातार सघन जांच कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा न्यू बस स्टेण्ड, विवेक टाकीज गली, पछाडीखेडा रोड एवं विदिशा रोड स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तथा संदेह के आधार पर कोलुआ रोड स्थित खाद्य प्रतिष्ठान ब्रदर्स रेस्टोरेंट से मिलावट की आशंका पर मिल्क केक एवं सादा बर्फी का, श्री बाहुबलि रेस्टोरेंट, विवेक टॉकीज गली से ईमरती तथा बेसन लड्डू का तथा राजाराम मिष्ठान भंडार से बूंदी लड्डू, दूध बर्फी तथा नमकीन का नमूना लिया गया तथा साफ-सफाई के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किये गये। कार्यवाही लगातार जारी है।

# पूर्व विधायक राव राजकुमार सिंह यादव महुअन का निधन

## अतिंम यात्रा में उमड़ी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



जिले के पूर्व विधायक राव राजकुमार सिंह यादव पिछले कईं दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। एक दिन पहले मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव ने भोपाल के जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। बीती रात उनका निधन हो गया,जिसके बाद उनका शव भोपाल से अशोकनगर उनके गृह ग्राम महूअन लाया गया। उनकी अंतिम शव यात्रा में पुलिस अधीक्षक सहित एसडीओपी विवेक शर्मा एवं सैकड़ो की संख्या में जनप्रतिनिधि गण आदि ने भाग लिया। 72 वर्षीय राजकुमार सिंह यादव का जन्म ग्राम महूअन में 1 जनवरी 1956 को हुआ था। वह बादल सिंह यादव के पुत्र थे, 1990 में वह ईसागढ जनपद के अध्यक्ष चुने गए थे और 2008 चंदेरी ईसागढ विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। उन्होंने राजनैतिक क्षेत्र में रहते हुए अपने व्यवहार से आम लोगों के बीच में मधुर संबंधों के लिए जाने जाते थे। अशोकनगर जिले के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान था, उनके निधन से जिले में अर्पूणीय क्षति हुई है। अनेक जनप्रतिनिधियों ने उनके निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कर श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं।

# भारतीय सेना में अग्निवीर पदों भर्ती के लिए आवेदन जारी, एक अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

सेना भर्ती कार्यालय भोपाल से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय सेना में अग्निवीर पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना को जारी की है। यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक पर उपलब्ध है। कलेक्टर साकेत मालवीय ने जिले के युवाओं से अपील की है कि भारतीय सेना भर्ती होकर देश की सेवा करने का सुनहरा मौका है ।

सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ हो गई है, जो 01 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार अग्निवीर पुरुष (जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमैन दसवीं पास, ट्रेडमैन आठवीं पास), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी।

### जून में होगी कॉमन एंट्रेंस परीक्षा

भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस



एग्जाम 01 जून से 10 जून 2026 के मध्य आयोजित किए जाने की संभावना है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश एवं पात्रता शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें।

### अग्निवीर भर्ती 2026 के लिए आयु सीमा एवं शैक्षिक योग्यता

अग्निवीर भर्ती 2026 के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को भारतीय सेना द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य है। अग्निवीर भर्ती 2026 में केवल वही अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं जो आयु सीमा और शैक्षणिक योग्यता से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करते हैं। पात्रता मानदंडों को पूरा न करने की स्थिति में उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अग्नि वीर वैकेंसी 2026 के अंतर्गत भारतीय सेना अग्निवीर परीक्षा 2026 की विस्तृत पात्रता-आयु सीमा17.5 वर्ष से 21 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता उम्मीदवार का 10वीं/मैट्रिक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, न्यूनतम 45 प्रतिशत कुल अंक तथा प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंक।

### राष्ट्रीयता भारतीय नागरिक

लिंग पुरुष एवं महिला (पद के अनुसार) कुछ पदों के लिए 12वी और आईटीआई पास युवा भी आवेदन कर सकते है। इंडियन आर्मी अग्निवीर रिक्रूटमेंट के तहत चयनित उम्मीदवारों को भारतीय सेना में आकर्षक वेतन पैकेज और भत्ते प्रदान किए जाएंगे। अग्निवीर भर्ती 2026 के अंतर्गत शुरुआती वेतन लगभग 30,000 प्रति माह होगा, जिसमें समय-समय पर वार्षिक वृद्धि की जाएगी। इसके अलावा अग्निवीरों को जोखिम भत्ता, कठिनाई भत्ता सहित अन्य लागू भत्ते भी मिलेंगे। चार वर्ष की सेवा अवधि पूरी होने पर एक अग्निवीर को कुल वेतन पैकेज लगभग 6.92 लाख प्राप्त होगा। साथ ही सेवा समाप्ति पर अग्नि वीर वैकेंसी 2026 के अंतर्गत चयनित उम्मीदवारों को ब्याज सहित लगभग 11.71 लाख की सेवा निधि राशि दी जाएगी।

# वैदिक मंत्रों से किया गया होलिका दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरई

नगर में थाने परिसर एवं पुराना बाजार स्थित होली मैदान सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में होलिका दहन का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ होलिका की पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद अग्नि प्रज्ज्वलित कर बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक यह पर्व मनाया गया।

महिलाओं ने परंपरानुसार होलिका की परिक्रमा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की थाप और फाग गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवमय हो उठा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। होलिका दहन के साथ ही रंगोत्सव होली की शुरुआत हो गई।

## खबर संक्षेप

### 1 लाख 86 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम गदूली निवासी अब्दुल खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपी द्वारा टेलीग्राम पर यूएसव्ही और कम्प्यूटर पार्टस बेचने के नाम पर 1 लाख 86 हजार रूपए की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम महिदपुर निवासी सुषमा कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दीपनाखेडा निवासी ससुराल पक्ष की ओर से विनय कटारिया, गजराज कटारिया, चंदू कटारिया ने दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

### महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के चंन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम कतियापुरा निवासी प्रगति पत्नी कैलाश अहिरवार उम्र 25 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी धर्मवीर सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुखदेव यादव, गोपाल यादव, सुरजीत यादव और गौरव सेन ने शराब पीने पर मना करने पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पहाड़ा निवासी नीरज अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रंजीत अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोचोनी थाना पिछोर जिला शिवपुरी निवासी भगवान सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ग्राम बुढ़ावली में महाराजसिंह, अजय सिंह, देवीसिंह, लक्ष्मी लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम श्यामगढ़ निवासी कल्लू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी घनश्याम, राजा और मुलायम बाई अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालाबाग निवासी उधम जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संतोष जाटव और आनंद जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कडेसरा निवासी राजेश लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अर्जुन,राहुल, और जीनेश ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगउखेडी निवासी जुगराज सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अरूण रघुवंशी ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे न देने पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम काछी बरखेडा निवासी महाराज सिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरी, और भगवान सिंह आदिवासी ने उससे पत्थर से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दिवसीय मेले का हुआ समापन

**अशोकनगर।** मंगलवार को भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी अशोकनगर द्वारा दिनांक 01-03-2026 एवं 02-03-2026 को स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला मे आरसेटी बाजार का आयोजन किया गया गया। जिसमें एन.आर.एल.एम. विभाग के अधिकारी गण, आरसेटी निदेशक एवं स्टाफ उपस्थित रहे महिला समूह सदस्य, और प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राही मेले में उपस्थित रहे इस दौरान आर सेटी द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षणो में तैयार सामग्रीयो को बेचा गया। मंगलवार को दो दिवसीय मेला सम्पन्न हुआ।

---

#### बच्चों के साथ युवाओं में भी उत्साह, होली के रंग सद्भावना के साथ बिखरे जाएंगे

# सूखे रंगों से मनाया जाएगा होली का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में रंगारंग होली का त्यौहार इस बार हर वर्ष की भांति सद्भावना और आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाएगा। इस त्यौहार को लेकर बच्चों एवं युवाओं में काफी उत्साह है। वैसे तो त्यौहार की शुरुआत एक दिन पहले ही शहर में हो गई है लेकिन चंद्र ग्रहण के कारण होली का त्यौहार आज मनाया जा रहा है।

होली का यह त्यौहार हमारी संस्कृति और हमारे परंपराओं का एक अंग है यह पर इस शहर में बरसों से मनता आया है इस पर्व को लेकर लोगों में व्यापक उत्साह रहता है। बच्चों एवं युवाओं में उत्साह देखते ही बनता है। भले ही होली के त्यौहार पर रंगों की जगह गुलाल ने स्थान ले लिय हो लेकिन होली का पर्व तो फिर भी मनाया जाता है। सभी वर्ग और संप्रदायों में होली का पर्व मनाने की अलग-अलग प्रथा है, वह प्रथा एक दिन पहले से शहर में नजर आई। कई जगह गांव की चैपाल पर गांव के लोगों ने सामूहिक रूप से से बैठकर होली का पर्व मनाया। यह होली का पर्व हर बार सुख समृद्धि संपदाता की खुशियां लेकर आता है। यह रंग हमें जीवन में आपसी व्यवहार मिलन और एकता का संदेश देते हैं। इन रंगों में भी अर्थ छुपे हैं।





### अब रंगों की जगह गुलाल का इस्तेमाल

पहले कभी एक जमाना था जो अशोकनगर शहर की होली देखने के लायक होती थी। अगर आज होली मनाने के मायने बदल गए हैं अब होली के पर्व पर रंगों का इस्तेमाल नहीं होता, रंगों की जगह गुलाल ने ले ली है। तरह-तरह की गुलाल शहर के बाजारों में खूब मिल रही है यह गुलाल होली के पर्व पर उड़ती हुई देखी जाएगी। शहर की सभी कॉलोनी में यह होली का पर्व मनाया जाएगा। होली के पर्व पर फाग और स्वांग भी गाए जाते हैं। होली के पर्व पर अलग-अलग टोलिया भी निकलती है जो एक दूसरे के घरों पर जाकर होली के रंग लगाती हैं। बच्चों में काफी उत्साह देखा जाता है जब वह पिचकारी से लोगों पर रंग डालते हैं तब उनकी खुशी देखने लायक होती है। युवक युवतियों से लेकर महिलाओं और पुरूषों में भी काफी उत्साह देखा जाता है कभी एक जमाना था अशोकनगर शहर में पूरा शहर होली मनाने के लिए निकलता था। सुभासगंज से एक बड़े कढ़ाई में गुलाबी रंग भरकर शहर में निकाला जाता था जितने भी रास्ते चलते लोग मिलते थे उन सब पर यह रंग डाला जाता था। लेकिन आप बेशक कम नजर आता हैं अब लोग अपने ही पहचान बालों पर रंग डालते हैं और रंग में भी सूखे गुलाल डालते हैं या टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हैं।

### होली मिलन के आयोजन भी देखे जाते हैं

होली मिलन समारोह के आयोजन भी जगह जगह आयोजित किए जाते हैं, यह आयोजन भी रंगों के त्योहार होली से लेकर रंग पंचमी तक आयोजित होते हैं। होली का यह पर्व 5 दिन तक मनाया जाता है। होली के दिन भले ही होली का त्यौहार का असर कब देखने मिलता लेकिन रंग पंचमी के त्यौहार पर रंगों का ही त्योहार कहा जाता है। इस त्यौहार पर सबसे ज्यादा रंग लगाया जाता है। देखने को मिलती है कि जिन परिवारों में बीते दिनों में शोक के प्रसंग हो जाते हैं उन परिवारों के यहां पहला त्यौहार मनाने के लिए लोग उनके घरों पर पहुंचते हैं और उन्हें होली का टीका लगाते हैं ऐसे परिवारों की सूचियां भी तैयार की जाती है ताकि लोगों को पहुंचने में कोई समस्या न हो आसपास के रिश्तेदार और मिलने वाले लोग भी शोक संतृप्त परिवारों के यहां पहुंचते हैं और उन्हें गुलाल का टीका लगाते हैं। बताते हैं कि होली का त्यौहार मिल-जुल आपसी भाईचारे को भी बढ़ता है यह हमारे सदियों से चली आ रही परंपरा का एक अंग है। त्योहारों की अगर बात करें तो दीपावली के बाद होली का त्योहार ऐसा है जो बड़े रूप में मनाया जाता है।

---



### जिले में चंद्र ग्रहण के समय मंदिरों के पट बंद रहे

**अशोकनगर।** नगर में चंद्र ग्रहण के समय सभी मंदिरों के पट बंद रहे, पुजारियों ने सुबह की आरती के पश्चात ही मंदिरों के पट बंद कर दिए थे। इस अवसर कईं लोग अपने घरों से भी नहीं निकले सूतक काल के बाद ही लोगों ने अन्य जल ग्रहण किया। चंद्र ग्रहण होने की वजह से इस बार होली का त्यौहार जहां एक दिन बाद मनाया जा रहा है वहीं चंद्र ग्रहण के प्रभाव काल की सीमा को देखते हुए लोगों ने अपने घरों के अंदर ही रह कर समय बिताया। लोगों ने सूतक काल में अन्य जल भी ग्रहण नहीं किया, मंदिरों के बाहर भी दरवाजे बंद रहे जिनमें ताले लटके रहे। चंद्र ग्रहण की स्थिति होने के कारण चंद्र ग्रहण के प्रभाव से बचने के लिए अपने आप को बचाकर रखना होता है।



---

#### श्रीजी के विमान महोत्सव में जिले भर से जनप्रतिनिधि लेंगे भाग

# महोत्सव में जिले भर से आज जाएंगी नि:शुल्क बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी का वार्षिक मेला महोत्सव श्री मद् जिनेन्द्र विमान उत्सव परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद होने वाले वार्षिक मेला महोत्सव एवं दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान श्री आदिनाथ स्वामी का महा मस्तिष्काभिषेक एवं जगत कल्याण की कामना करते हुए होंगी महा शान्ति धारा इसके साथ ही वार्षिक मेला महोत्सव में जिले भर के जनप्रतिनिधियों पधार रहे हैं ।

### आज होगा खड़े बाबा का महा मस्तिष्काभिषेक

आज सुभाषगंज मन्दिर में जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का महा मस्तिष्काभिषेक के साथ फूलमालाओं के साथ ज्ञान मल का भी आयोजन होगा मेला महोत्सव का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ होगा इसके बाद मंगलाष्टक के साथ ही पूरे विधि-विधान के साथ भगवान आदिनाथ स्वामी का चार इन्द्र द्वारा अभिषेक होगा इस के वाद एक सौ इठ रिद्धि मंत्रो के साथ भगवान का महा मस्तिष्काभिषेक होगा इसके बाद भगवान की महा आराधना रूप श्री भक्तावर महा मंडल विधान होगा इसके बाद भगवान विमान महोत्सव के चल समारोह का आयोजन होगा जहां बैन्ड वाज़े ध्वज पताकाओं के साथ विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जो मेला महोत्सव स्थल पर पहुंच कर धर्म सभा में बदल जायेगा।

### जिला कलेक्टर एस पी से मिला जैन समाज का प्रतिनिधित्व मंडल

मध्य भारत के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में होने वाले मेला महोत्सव में पधारने हेतु जिला कलेक्टर साकेत मालवीय जी एवं राजीव कुमार मिश्रा से जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद थूवोनजी कमेटी के महामंत्री मनोज भैसरवास प्रचार मंत्री विजय धुर्रा मिडिल प्रमुख अरविंद कचनार सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्य सहित अन्य प्रमुख जनो ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विशेष आग्रह किया कलेक्टर साकेत मालवीय जी ने कहा कि जैन समाज संस्कृति धरोहर के जागरण के साथ ही त्याग तपस्या के क्षेत्र में इस भौतिक युग में बढ़ चढ़कर भाग ले रही है आज साधु संत को देखते हुए लगता है कि आज भी इस तरह की कठिन तपस्या संभाव है उन्होंने कहा कि सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ सम्मेद शिखर जी के निकट ही हमारा जन्म हुआ और अनेक बार सम्मेद शिखर जी गये है। थूवोनजी जाने के वारे में बहुत सुना है आयोजन है तो जरूर आयेगे। मेला महोत्सव में अंचल के प्रमुख नेता गण मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री ब्रजेन्द्र सिंह यादव विधायक जगन्नाथ सिंह रधुवंशी विधायक हरि बाबू राय जिला पंचायत अध्यक्ष राव अजय सिंह यादव पूर्व विधायक जजपाल सिंह नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी जनपद पंचायत मुंगावली अध्यक्ष विजय लक्ष्मी जैन समाज अशोक नगर अध्यक्ष राकेश कासंल सहित अन्य प्रमुख अतिथि जन सम्लित होंगे।

**मेला महोत्सव के लिए मुनि पुंगव सुधासागर महाराज से लिया आशीर्वाद**



इस हेतु कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास मंत्री शैलेन्द्र दददा प्रचार मंत्री विजय धुर्रा पूर्व महामंत्री विपिन सिंघई शालू भारत आलोक रानीपुर गोलू वाइजल सानू श्रंगार सहित अन्य प्रमुख जनो ने मुनि पुगंव सुधासागर जी महाराज को श्री फल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान अशोक जैन ने कहा कि थूवोनजी मेला महोत्सव में जिला मुख्यालय सुभाष गंज गारह वसो के साथ ही मुंगावली पिपरई चन्देरी ईसागढ़ शाढ़ौरा वामौर जिला शिवपुरी पिपरिया राधोगढ से निःशुल्कबसे दानदाताओं से मेला महोत्सव में शामिल होने आ रही है तीर्थ क्षेत्र पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं के आतिथ्य सत्कार का भी विशेष कार्यक्रम रहेंगे।

### दर्शनोदय तीर्थ मेला के लिए सजकर हुआ तैयार

आज दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में कहा कि आगामी चार मार्च को मध्य भारत के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी का वार्षिक मेला महोत्सव होली पर चार मार्च को होने जा रहा है इस हेतु तीर्थ क्षेत्र सज-धजकर तैयार हो गया सभी मन्दिरो पर रोशनी के साथ ही पार्क मेला मार्ग को ध्वज पताकाओं वंदर वादों से सजाया गया है विशाल धर्मसभा हेतु मेला स्थल पर विशिल सभाग्रह तैयार किया गया जहां दोपहर बाद विशाल धर्मसभा होगी जिसे मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री राव ब्रजेन्द्र सिंह यादव सहित अन्य प्रमुख जन सम्बोधित करेंगे। प्रमुख जनो ने सभी से मेला महोत्सव में बड़ चढ़ कर भाग लेने का निवेदन किया है।

---

### भाईदूज पर्व पर जिला जेल में खुली मुलाकात

**अशोकनगर।** भाईदूज पर्व के अवसर पर बंदियों के परिवारजनों को मुलाकात का अवसर प्रदान करने के लिए जिला जेल में विशेष खुली मुलाकात का आयोजन किया जाएगा। जेल अधीक्षक ने वरिष्ठ कार्यालय एवं जेल अधीक्षक सर्किल जेल शिवपुरी के निर्देशानुसार इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रत्यक्ष मुलाकात सिर्फ भाईदूज वाले दिन 05 मार्च को ही दी जाएगी। मुलाकात प्रातः 09:30 बजे से 12ः00 बजे तक लिखी जाएगी एवं दोपहर 02:00 बजे तक मुलाकात दी जाएगी। प्रत्येक बंदी को तिलक लगवाने एवं प्रसाद ग्रहण करने हेतु कुल समय 10 मिनट दिया जाएगा। पुरूष बंदियों से प्रत्यक्ष भाईदूज मनाने हेतु उनके परिवार की केवल महिलाओं (संख्या-03) एवं उनके साथ आने वाले 06 वर्ष तक के बच्चों को ही प्रवेश दिया जाएगा। मुलाकात पर आने वाली महिला परिजनों को जेल परिसर में एक साथ इकट्ठा होने पर अर्थात प्रत्येक बंदी को मुलाकात हेतु उनके महिला परिजनों को एक साथ ही जेल में प्रवेश दिया जाएगा पृथक-पृथक नहीं। बंदियों के महिला परिजन भाईदूज पर्व हेतु फोटो युक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड आदि) मूलतः एवं 01 छायाप्रति (कार्यालय रिकार्ड हेतु) साथ में लाना सुनिश्चित करें। महिलायें अपने साथ मिठाई (250 ग्राम), मौसमी फल 02 नग ले जा सकेंगी। तिलक लगाने हेतु पूजा की थाली जिसमें हल्दी, कुमकुम, चावल जेल प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी। महिलायें अपने साथ में मोबाईल, पैसे, हथियार, नशीले पदार्थ आदि निषिद्ध वस्तुयें लेकर जेल के अन्दर प्रवेश नही करेंगी। महिलाओं की तलाशी महिला जेल कर्मियों के द्वारा की जाएगी।

---

#### नियम विरुद्ध सदस्यता पर आवेदन सौंपा

# अमाही जलाशय पट्टा को लेकर मछुआ समिति में बवाल

**अशोकनगर।** जिले में अमाही जलाशय के मत्स्याखेट पट्टा संचालन को लेकर मांझी मछुआ सहकारी संस्था मर्या और समिति के एक सदस्य बाबूलाल कश्यप के बीच विवाद गहरा गया है। संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मत्स्योद्योग विभाग, अशोकनगर के सहायक संचालक और थाना देहात पुलिस को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया है कि बाबूलाल कश्यप द्वारा विभागीय अधिकारियों को गुमराह कर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं, जिससे समिति का कार्य प्रभावित हो रहा है।

समिति द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार विभाग ने पत्र जारी कर अमाही जलाशय की पट्टा राशि जमा करने के निर्देश दिए थे। आदेश के पालन में समिति ने नियमानुसार लीज राशि जमा कर 10 फरवरी 2026 को विभाग को इसकी सूचना भी दे दी थी। इसके बाद सभी सदस्यों ने मत्स्याखेट कार्य प्रारंभ कर दिया था। बावजूद इसके बाबूलाल कश्यप द्वारा समिति के खिलाफ शिकायतें कर कार्य में व्यवधान पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। समिति ने स्पष्ट किया है कि मत्स्य नीति 2008 के प्रावधानों के तहत महिला सदस्यों की जगह उनके परिवार के सदस्य मत्स्याखेट कार्य कर सकते हैं, जिसकी अनुमति विभागीय आदेश में भी दी गई है। इसके बावजूद नियमों का गलत अर्थ निकालकर आरोप लगाए जा रहे हैं।

आवेदन में यह भी कहा गया है कि समिति में कुल 36 सदस्य पंजीकृत हैं और सभी विधिवत कार्य कर रहे हैं। ऐसे में बिना किसी प्रमाण के सदस्यों पर गाली-गलौज या मत्स्याखेट से रोकने जैसे आरोप लगाना निराधार है। समिति ने सवाल उठाया है कि यदि कोई घटना हुई है तो उसका साक्ष्य प्रस्तुत किया जाए।इसके अलावा बाबूलाल कश्यप की सदस्यता को लेकर भी आपत्ति जताई गई है। समिति का दावा है कि वे पूर्व में शासकीय सेवा में कार्यरत रहे हैं और वर्तमान में पेंशन प्राप्त कर रहे हैं, ऐसे में नियमानुसार वे समिति के सदस्य नहीं रह सकते। साथ ही उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण लंबित होने की बात भी शिकायत में दर्ज की गई है। समिति के सदस्यों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषी पर कार्रवाई करने, विवादित सदस्य को समिति से हटाने और मत्स्याखेट कार्य में हो रही बाधाओं को समाप्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि मत्स्याखेट ही उनके परिवार की आजीविका का मुख्य साधन है, इसलिए अनावश्यक विवाद से रोज़गार प्रभावित हो रहा है। फिलहाल मामले में विभागीय स्तर पर जांच की संभावना जताई जा रही है। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



---

#### 62 वर्षों में अपग्रेड करने के प्रयास नहीं हुए, जिम्मेदार अधिकारी कब देंगे ध्यान...?

# पॉलिटेक्निक में कंप्यूटर साइंस की ब्रांच के साथ नए ऑडिटोरियम की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

यहां का शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय 62 वर्षों के बाद भी अपग्रेड होने का इंतजार कर रहा है। यह महाविद्यालय 1964 में निजी तौर पर प्रारंभ किए गया था। वर्तमान में 2026 तक यह महाविद्यालय लगभग 62 साल की यात्रा पूरी कर चुका है। इस इस पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में अब छात्रों को बदलते हुए समय के अनुसार नई ब्रांचो की तकनीकी ज्ञान की जरूरत है ताकि वह अपने भविष्य को सवांर सकें। इस महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को सांस्कृतिक सुविधाओं के लिए एक ऑडिटोरियम भवन की जरूरत है ताकि गतिविधियां सांस्कृतिक रूप से भी आयोजित हो सके।

यह पॉलिटेक्निक महाविद्यालय 31 जुलाई 1964 में प्राइवेट तौर पर शुरू किया गया था। अशोकनगर में जब गृह मंत्री के रूप में लाल बहादुर शास्त्री का आगमन हुआ था तब उन्हें यहां चांदी से तौला गया था। तब शास्त्री जी ने अशोकनगर को पॉलिटेक्निक महाविद्यालय प्रदान करने की घोषणा की थी। लाल बहादुर शास्त्री यह चांदी इस महाविद्यालय के निर्माण के लिए सौंप गए थे और शासन के सहयोग से यहां पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के नए भवन का निर्माण वर्ष 1970 में हुआ था जब से आज तक भवन इस स्थिति में चल रहा है।




**पहले प्रायवेट तौर पर शुरूआत हुई, बाद में इसे शासकीय कॉलेज का दर्जा मिला** इस महाविद्यालय को शुरूआत में स्थानीय नेहरू पार्क में लगाया गया था, तब से यह प्रायवेट तौर पर चलता रहा। नए भवन में जाने के बाद भी 19 नवंबर 1984 को इसे शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय का दर्जा मिला। शुरुआत में यह महाविद्यालय सिविल इलेक्ट्रिक और मैकेनिकल तीन ब्रांचो के साथ प्रारंभ किया गया था। ग्वालियर संभाग में ग्वालियर के बाद यह दूसरा अशोकनगर का महाविद्यालय था। जब प्रारंभ हुआ कॉलेज के पहले प्राचार्य दयालचंद मलैया थे।

**लंबरदार परिवार द्वारा 40 बीघा भूमि इस कॉलेज के लिए दी गई थी** इस पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के निर्माण को लेकर अशोकनगर के लंबरदार परिवार द्वारा 40 बीघा भूमि संयुक्त खाते से प्रदान की गई थी, इसके बाद यह महाविद्यालय बना। आज महाविद्यालय अशोकनगर की धरोहर है। कितने ही छात्र अपने भविष्य को सवारते हुए देश प्रदेश के तकनीकी क्षेत्र में अपना योगदान प्रदान कर चुके हैं। लेकिन दुर्भाग्य इस महाविद्यालय के अपग्रेड करने की बात आज तक बड़े स्तर से प्रारंभ नहीं हुई। क्षेत्र और परिस्थिति के अनुसार यहां छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर साइंस के ज्ञान की आवश्यकता है यहां कंप्यूटर की लाइब्रेरी भी है लेकिन ब्रांच की सुविधा उपलब्ध नहीं है। मजेदार बात यह है कि मध्यप्रदेश में जो तकनीकी संस्थान के प्रमुख वीरेंद्र प्रभाकर है वह अशोकनगर शहर में ही पले और बड़े हैं उनके पिता यहां हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य हुआ करते थे। उसके बाद भी आज तक इस महाविद्यालय को अपग्रेड करने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यहां के छात्र देश की प्रगति में कम से कदम मिलाकर साथ चल सके उसके लिए कंप्यूटर साइंस के साथ केमिकल ब्रांच की आवश्यकता है। पड़ोस में चंदेरी में साडियों का निर्माण होता है अगर टेक्सटाइल्स ब्रांच भी यहां आ जाए तो बेहतर होगा।



**महाविद्यालय की समिति ने कई प्रस्ताव पारित किए लेकिन सुविधाएं नही मिलीं:** इस तरह के प्रस्ताव कई बार पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति में भी पारित किये जा चुके हैं लेकिन हुआ आज तक कुछ नहीं, कोई नई ब्रांच नहीं खुली। वर्तमान में यह पॉलिटेक्निक महाविद्यालय छात्र छात्राओं को खूब रास आ रहा है। सभी ब्रांच में पर्याप्त मात्रा में छात्र छात्राएं हैं लेकिन उसके लिए पॉलिटेक्निक प्रबंधन को मेहनत करना पड़ रही है। वर्तमान में कॉलेज की बाउंड्री वॉल पूरी तरह नहीं बनी, जिससे बाहर के लोगों का प्रवेश इस कॉलेज परसों में होता रहता है। कॉलेज के हित में बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। हर कॉलेज में एक ऑडिटोरियम हॉल होता है ताकि वहां सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन हो सके लेकिन यहां इस तरह का भवन नहीं है। बाउंड्री वॉल के लिए भी 1100 मीटर का प्रस्ताव भेजा गया है जो अभी तक स्वीकृत नहीं हुआ है। इस महाविद्यालय में निरीक्षण किया गया तो व्यवस्थाएं छात्राओं के अनुकूल किए जाने के लिए नई मशीन जरूर पहुंची हैं।

**कॉलेज का भविष्य संवारने की सभी को जरूरतः** कॉलेज में प्लेसमेंट भी होते हैं यानी सबको मिलकर यहां का महाविद्यालय उन्नति के शिखर पर पहुंच सकता है, पर उस पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। दरअसल में यहां के जनप्रतिनिधियों में शिक्षा को लेकर विशेष रुचि नहीं है जिसका लाभ महाविद्यालय को नहीं मिल पा रहा है। अशोकनगर का यह भवन 62 वर्ष पुराना जरूर हो चुका है लेकिन इसे भी नया रूप देने की जरूरत है। महाविद्यालय के प्राचार्य वीके गुप्ता ने बताया कि अगर पिछले 1 साल की बात करें तो 15 स्कूलों के बच्चे इस पॉलिटेक्निक महाविद्यालय का निरीक्षण भी कर चुके हैं यहां छात्रों के लिए कोई भी छात्रावास नहीं है जो छात्रावास बना था वह क्षतिग्रस्त होकर लावारिस पड़ा है।

### गर्दन व हाथों में पिटाई के निशान, पुलिस ने मामला किया दर्ज

# पीड़िता को कमरे में 3 दिन तक रखा बंद, ससुराल पक्ष पर दहेज का आरोप

### लीमाचौहान पुलिस ने दिखाई तत्परता, महिला का कराया मेडिकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा





दहेज के लिए किसी महिला को 3 दिन तक बंद करके पिटाई करने वाले नरपिशाच समाज में आज भी बेखौफ अत्याचार कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला राजगढ़ जिले की सारंगपुर तहसील के निपानिया गढी से सामने आया है, जहां पर 2 साल पहले शादी होकर जाने वाली बेटी को ससुराल पक्ष ने दहेज व बच्चा न होने के आरोपों के चलते उसकी पिटाई कर दी। हालात ऐसे हो गए की पीड़िता के भाई को पुलिस की शरण लेनी पड़ी और लीमाचौहान पुलिस में जाकर एफआईआर दर्ज करवानी पड़ी।

पुलिस ने भी महिला के मामले में तत्परता दिखाते हुए तुरंत एफआईआर दर्ज की और पीड़िता का मेडिकल करवाकर विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया। उल्लेखनीय है कि टीना शर्मा की शादी 2 साल पहले लीमाचौहान के नवीन शर्मा के साथ सम्मेलन में हुई थी।

#### भाई से कहा की तेरी बहन को नहीं होते बच्चे

पीड़िता टीना ने बताया कि ससुराल पक्ष से पति नवीन व उसका भानेज प्रदीप शुक्ला ने 24 फरवरी की रात 12 बजे के आसपास मेरे भाई सुधीर को फोन लगाकर कहा की तू अपनी बहन को लेकर जा उसकी बच्चे नहीं होते हैं। पीड़िता बताती है कि इसके बाद रात में ही दोनों ने मिलकर उसे रातभर में कई बार मारा है जिससे कारण कई जगह आज भी दर्द हो रहा है। अभी भी मेरी गर्दन व हाथ में चोट के निशान देखे जा सकते हैं। पीड़िता टीना शर्मा ने बताया कि जब वह घर से निकलकर पुलिस थाने में जाने की बात कहकर निकली तो रामचंद्र भिलाला डॉक्टर की क्लीनिक के सामने से प्रवीण और ननंद हेमलता ने चोटी पकड़कर उसे खीचते हुए ले गए और 3 दिन तक कमरे में बंद रखा।

#### कई लोगों ने मिलकर मुझे कई दिनों तक मारा

पीड़िता बताती है कि इतने से ही ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ तो प्रीतम शर्मा कानड़ वाले को बुलाकर व अन्य 4-5 लोगों ने मिलकर लातों से मुझे मारा और उसका वीडियो भी बनाया। आरोपी पीड़िता को धमकाते हैं कि पुलिस हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। हमारे परिवार में एक मजिस्टेट हैं हमें कुछ नहीं होगा। टीना ने बताया की ससुराल वाले कई बार यह कहते रहे की कुछ खाकर मर जा। जिससे हमारा परिवार सुखी हो जाए। तेरा विवाह तो पहले हो गया था अब तो तेरे परिवार वाले भी तेरा साथ नहीं देंगे।

**इनका कहना है...**

महिला के कथन के अनुसार मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

राहुल रघुवंशी, थाना प्रभारी

### कुंडलिया नल-जल योजना का निरीक्षण

# आगामी 3 माह में सभी 534 गांवों में जलापूर्ति शुरू करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा





जल निगम के प्रबंध संचालक केवीएस चौधरी एवं अतिरिक्त परियोजना निदेशक पीके रघुवंशी द्वारा कुंडलिया नल-जल समूह योजना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रबंध संचालक चौधरी ने ग्राम गुराडिया में जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया तथा ग्रामवासियों से संवाद कर सप्लाई की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही निरीक्षण के दौरान प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके उपरांत ग्राम काशीखेड़ी में आमजन को पेयजल का सदुपयोग करने, अनावश्यक बर्बादी रोकने हेतु नलों में टोंटियां लगाने एवं टिल्लू पंप का उपयोग न करने हेतु समझाइश दी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि इससे प्रत्येक घर में एकसमान जलापूर्ति नहीं हो पाती है, अतः नियमों का पालन अनिवार्य है।

इसके बाद ग्राम चाटक्या में निर्माणाधीन उच्चस्तरीय टंकी के कार्य का निरीक्षण किया गया। जहां पर अतिरिक्त परियोजना निदेशक रघुवंशी ने निर्माण गुणवत्ता, प्रगति एवं सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। जीरापुर से छापीहेड़ा रोड पर ग्राम काशीखेड़ी, मोहन, दरियापुर में एनएच पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माणाधीन सड़क कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त की गई पेयजल पाइपलाइन का भी मौके पर निरीक्षण किया गया। प्रबंध संचालक चौधरी ने संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की तत्काल मरम्मत एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक सावधानियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यएजेंसी एलएंडटी को निर्देश दिए कि आगामी 3 माह में शेष सभी कार्य पूर्ण कर योजना अंतर्गत सभी 534 गांवों में नियमित जलापूर्ति प्रारंभ की जाए। साथ ही संचालन एवं संधारण कार्यों में सेवा स्तर मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# होली की अद्भुत परंपराः होली के दिन देवताओं को ढूंढने जंगल जाते हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर



हमारे देश में अलग-अलग शहरों व गांवों में अलग-अलग तरह से होली का त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है। लेकिन राजगढ़ ब्लाक के पाका गांव में होली पर्व मनाने का अलग ही नजारा दिखाई देता है । आदी रात को होलिका दहन करने के लिए पूरे गांव से सूखी लकड़ी व गोबर के कंडे एकत्रित किए जाते हैं व होली का दहन किया जाता है। होली दहन उपरांत हर घर का सदस्य इस होली में तापने के लिए जाता है। तथा होली मे जलाने के लिए नारियल भी अपने साथ ले जाता है। उसके बाद गांव की महिलाएं सामूहिक रूप से पनघट से पानी भरकर होली को ठंडी करने जाती हैं। ये सब होने के बाद गांव के कुछ मुखिया लोग हर वर्ष की तरह देवताओं को खोजने के लिए जंगल व देव स्थानों पर जाते हैं जिसे देवखोज प्रथा कहते हैं। देवखोज प्रथा पूर्ण होने के बाद, गांव में गैर निकाली जाती है। इस गैर के लोगों द्वारा सबसे पहले उस घर के लोगों पर होली का पहला रंग डाला जाता है, जहां गतवर्ष किसी की मौत हुई हो। ग्रामीण हिम्मतसिंह सौंधिया, विक्रम सिंह सौंधिया, नारायणसिह सौंधिया कालू सौंधिया, सुनेरसिह चंदरसिंह सरजन सिंह सौंधिया सुरेश गौड़ आदिने बताया कि इन प्रथाओं को पूर्ण करने से पहले गांव में कोई भी होली नहीं खेल सकता। सारी प्रथा पूरी होने के बाद सभी ग्रामीण जिसमे महिला पुरूष व बच्चे समेत जमकर होली खेलते हैं।

# रामायण ग्रंथ का चल समारोह निकालकर किया संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में सात दिवसीय होली उत्सव के तहत आयोजित रंगारंग कार्यक्रमों की कड़ी में प्रथम दिन सोमवार रात्रि को रामायण ग्रंथ का चल समारोह निकालकर बाल रूप हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड पर संगीतय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला के नेतृत्व में अंबे माता मंदिर से रामायण ग्रंथ को वाल्मीकि समाज द्वारा अपने सिर पर धारण कर ढोल धमाके के साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ जो मुखर्जी चौक टेंशन चौराहा जोशी अस्पताल भेरू दरवाजा रोड महाराणा प्रताप चौराहा बस स्टैंड महात्मा फुले चौराहा थाने के सामने ए बी रोड होते हुए बाल रूप हनुमान मंदिर पहुंचा, जहां बाल रूप सुंदरकांड मंडल के गायक कलाकार आनंद जोशी बालमुकुंद गुप्ता दिलीप लोहार पंकज पुष्पद अंकुर सोनी सुशील व्यास परमानंद जोशी सत्यनारायण शर्मा केलाश पुष्पद सहित अन्य गायक कलाकारों द्वारा भजनों की तर्ज पर सुंदर कांड पाठ की चौपाइयों का संगीतमय गायन किया तथा एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री वैभव पुष्पद ने किया तथा आभार कोषाध्यक्ष अशोक साहू ने माना। इस दौरान हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद महेश पाटीदार दिनेश सिसोदिया जितेन्द्र सोलंकी प्रकाश पुरी कैलाश वर्मा सतीश गिरजे शिवनारायण पुष्पद सतीश राठौर गोपाल पाल सतीश मिश्रा अनिल जैन मांगीलाल पाटीदार सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाज जन उपस्थित थे।

### अज्ञात कारणों से युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



सारंगपुर। नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित पटेल के बाड़े में सोमवार शाम एक 22 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 9 मदन गंगा गार्डन के सामने पटेल के बाड़े में रहने वाले राहुल पिता बाबूलाल पुष्पद पटेल (उम्र 22 वर्ष) ने अपने ही घर में रस्सी का फंदा गले में बांधकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। मंगलवार को पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

### महिलाओं ने होलिका पूजन कर परिवार में सुख शांति की कामना की



छापीहेड़ा। विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन के पहले महिलाओं ने अपने अपने अनूठे सनातन धर्म पारंपरिक वेशभूषा में एकत्रित होकर श्रद्धापूर्वक होलिका का बारी-बारी से पूजन किया। महिलाओं ने परिवार में खुशहाली सुख-समृद्धि संतान की रक्षा के लिए होलिका की सभी महिलाओं ने परिक्रमा कर कच्चा सूत लपेटा तथा पुरानी पारंपरिक के चलते गोबर के उपले रोली फुल के साथ-साथ नई फसल की छोटी-छोटी बालियां होलिका को अर्पित कीं। बुजुर्ग महिलाओं से पूछने पर उन्होंने बताया कि यह पारंपरिक जो रीति रिवाज चलते आ रहे हैं वे सब होलिका दहन से पहले यह सब किया जाता आ रहा है सोमवार शाम रात्रि को होलिका दहन के लिए लकड़ियां भी एकत्रित की जाती है गईं नगर के वार्ड क्रमांक 07 में स्थित होलिका दहन स्थल के समीप गांव पटेल बहुत सारे कंडे तथा लकड़ीया रखी जाती है वही छापीहेड़ा के वेध नरेंद्र कुमार शर्मा बताते हैं कि होलिका दहन के बाद 3 मार्च को सूर्य ग्रहण होने के कारण होली 4 मार्च को खेली जाएगी।

# हार्वेस्टर मशीन से गंभीर घायल व्यक्ति को मिला जिला चिकित्सालय में त्वरित उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. रजनीश शर्मा द्वारा बताया गया कि जिला चिकित्सालय में रविवार शाम छह बजे के लगभग एक व्यक्ति गंभीर हालात में इलाज के लिए पहुंचा। जहां सीनियर सर्जन डॉ. राजेन्द्र कठेरिया व उनकी टीम ने बिना समय गवाए मरीज को प्राथमिक उपचार मुहैया कराया। प्राथमिक उपचार के बाद रात करीब 3 बजे भोपाल रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। यदि समय रहते मरीज को उपचार नहीं मिलता तो काई अनहोनी घटना भी घटित हो सकती थी।

उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति की पहचान सदगुरू सिंह पिता अवतारसिंह उम्र 40 वर्ष निवासी पंजाब के रूप में हुई है, वे रविवार दोपहर खिलचीपुर में हार्वेस्टर मशीन से गेहूं निकालने का कार्य कर थे, कार्य के दौरान अचानक मशीन के नुकीले दांते उनके पेट में फंस गए। इस घटना में सदगुरू के पेट की आंते तक बाहर निकल गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। तत्काल अन्य मजदूरों ने काम रोककर घायल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही सीनियर सर्जन डॉ. राजेन्द्र कठेरिया व उनकी टीम भी तुंरत जिला चिकित्सालय पहुंची। जहां घायल का प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। मशीन के दांते नुकेले होने के कारण सदगुरू का पूरा पेट कट गया था। जिस पर तुरंत घांव की रिपेयरिंग कर 30 टांके लगाए गए। रात करीब 3 भोपाल रेफर कर दिया गया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि यदि समय रहते सीनियर सर्जन डॉ. राजेन्द्र कठेरिया व उनकी टीम द्वारा मरीज का उपचार नहीं किया जाता तो अत्यधिक खून के रिसाव से उसकी जान भी जा सकती थी। यह हादसा खेतों में भारी मशीनरी के उपयोग के दौरान बरती जानी वाली सावधानियों की अहमियत को भी दर्शाता है। फिलहाल मरीज का उपचार जारी है और चिकित्सक उसकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

### खुजनेर में श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ होलिका दहन



खुजनेर। नगर में सोमवार की रात को होलिका दहन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। शहर के हर गली-मोहल्ले और चौराहों पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से होलिका पूजन कर दहन किया। पूरे नगर में उत्सवी माहौल रहा और ढोल-मजीरों की थाप पर होली गीतों की गूंज सुनाई दी। सवालिया चैक, राजगढ़ चैराहा, कुलवाड़ मोहल्ला, मस्जिद चैक, हाट बाजार, राजगढ़ बायपास और बांसखेड़ा रोड सहित विभिन्न स्थानों पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच होलिका में अग्नि प्रज्वलित की गई। दहन से पूर्व शहर एवं आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मन्नतें मांगीं और पारंपरिक रीति-रिवाज निभाए। महिलाओं ने कंडियां की माला बनाकर होलिका की पूजा की होलिका की लपटों के साथ ही ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच लोगों ने एक-दूसरे को छोटी होली की शुभकामनाएं दीं होलिका दहन से पहले नगर में टीआई रवि ठाकुर के मार्गदर्शन में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान मुख्य चैराहों पर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो और पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई।

# फूल माली समाज की सामूहिक गेर चाचड़ खेलकर किया डांडिया रास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में धुलेंडी महापर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। पूर्णिमा की शाम नगर में लगभग पांच दर्जन से अधिक स्थानों पर महिलाओं ने होली का पूजन किया। मंगलवार तड़के करीब 5 बजे होलिका दहन संपन्न हुआ। इसके पश्चात महिलाओं ने होली ठंडी कर शीतला माता की पूजा-अर्चना की।

धुलेंडी के अवसर पर सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति, महादेव मित्र मंडल सहित विभिन्न समाजों ने शोक संतृप्त परिवारों में रंग-गुलाल लगाकर पर्व मनाया। फूल माली समाज के मोहल्ला बागकुआ टंकी, मुकेरवाड़ी, भेरू दरवाजा, पछेटवाड़ी, किडी और खारिया मोहल्लों की गेर ढोल-नगाड़ों और होली गीतों के साथ निकली। सभी गैर खारिया मोहल्ले में एकत्रित हुईं, जहां खारिया पंचायत द्वारा फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया तथा अल्पाहार की व्यवस्था की गई। यहां से सामूहिक गेर का चल समारोह खारिया से कोलीवाड़ा, फकीरवाड़ा मस्जिद, गांधी चौक, सदर बाजार, महाकाल चौराहा, मुखर्जी चौक, टेंशन चौराहा, जोशी दवाखाना होते हुए भेरू दरवाजा स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचा। भेरू दरवाजा पंचायत द्वारा भी फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद भेरू दरवाजा रोड स्थित होली स्थल पर युवाओं और बुजुर्गों ने चाचड़ खेलकर डांडिया रास किया। चल समारोह के दौरान रंग-गुलाल उड़ाते हुए युवाओं की टोलियां आकर्षण का केंद्र रहीं। गैर में हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, फूल माली समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, कैलाश वर्मा, राजेश पुष्पद, रामचरण पुष्पद, हीरालाल पुष्पद,अशोक साहू, सुशील व्यास, दिनेश सिसोदिया, भेरूलाल पुष्पद सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय मेघवाल परिषद ने किया राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन

# नुक्ता प्रथा व कुरुतियां बंद करने दिलाया संकल्प





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर में राष्ट्रीय मेघवाल परिषद द्वारा पांचवा राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में राष्ट्रीय मेघवाल परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन सिंह जादम ने अपने उद्बोधन में सामाजिक विषयों पर बात रखी। समाज के हर युवा बच्चों को शिक्षा की ओर बढ़ने तथा नुक्ता प्रथा और अनेक कुरूतियां को त्यागने पर बल दिया। हम वर्तमान समय अनुसार आगे बढ़े ताकि समाज हर ऊंचाई पर जा सके। नुक्ता प्रथा और कुरूतियां बंद करने के लिए संकल्प दिलाया गया और सामाजिक लोगों से निवेदन किया शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करते रहो। इस दौरान समाज के कर्मचारी ,अधिकारी, जनप्रतिनिधि गण और छात्र छात्राओं सहित विशेष प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समाज की स्मारिका का विमोचन राष्ट्रीय मेघवाल परिषद के 25 वर्ष पूर्ण होने पर (रजत जयंती) किया गया। अधिवेशन में राष्ट्रीय मेघवाल परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन सिंह जादम ने अपने उद्बोधन में सामाजिक विषयों पर बात रखी। समाज के हर युवा बच्चों को शिक्षा की ओर बढ़ने तथा नुक्ता प्रथा और अनेक कुरूतियां बंद करने का संकल्प दिलाया। इस अधिवेशन में ग्राम रानपुर जिला नीमच मध्य प्रदेश की कंचनबाई मेघवाल जो कि स्व सहायता समूह की अध्यक्ष थी एवं मध्यान्ह भोजन बनाने का काम करती थी। उस दौरान अचानक मधुमक्खियां ने कंचनबाई पर हमला कर दिया तब उन्होंने वहां मौजूद लगभग 20 बालकों को बचाव मधुमक्खियां के शिकार होने से किया था तथा स्वयं मधुमक्खियों की शिकार हुई जिसमें उनके प्राण चले गए थे। उनके पुत्र रवि मेघवाल को सामाजिक लोगों द्वारा सहायता प्रदान की। आदर्श मेघवाल समाज सम्मेलन समिति चोमा, मेघवाल समाज मऊ सारंगपुर, मेघवाल समाज समिति गुगाहेडा, डॉ महेश वर्मा गुगाहेड़ा, हजारीलाल दांगी विधायक खिलचीपुर द्वारा सहायता राशि प्रदान की यह राशि राष्ट्र मेघवाल परिषद राजस्थान द्वारा एकत्रित कर उनके सुपुत्र को सौंपी गई।